हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 25 अप्रैल 2026

06 पदभार लेते ही नपाध्यक्ष अंजलि ने पीएम...



07 पहली बार अपनी चुनी परिषद में पार्षद की...





## खबर संक्षेप

### वैष्णोदवी तीर्थ यात्रा हेतु आवेदन, अंतिम तारीख आज

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत वैष्णोदवी यात्रा 3 मई को प्रस्तावित है। सागर जिले से वैष्णो देवी जाने वाली तीर्थ यात्रा के आवेदन फार्म प्राप्त करने की अंतिम तारीख 25 अप्रैल हैं जिसमें कुल 262 यात्रियों का कोटा निर्धारित किया गया है।

### भू-धारकों को मुआवजा का किया जा रहा है भुगतान

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर आपचंद एवं बण्डा सिंचाई परियोजनाओं के प्रभावितों को उनके सभी अनुदान/मुआवजा राशि प्रदान करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में आपचंद मध्यम सिंचाई परियोजनांतर्गत तहसील सागर के ग्राम आपचंद, बोदा पिपरिया, गौंची के 15 प्रभावित भू-धारकों को 1,98, 71,794-00 (एक करोड़ अंठान्हवे लाख, इकहत्तर हजार, सात सौ चौरान्हवे रूपये),बण्डा सिंचाई परियोजनांतर्गत तहसील बण्डा के ग्राम उल्दन के 46 अवार्डी को 2,44,10,307-00 (दो करोड़, चबालीस लाख, दस हजार, तीन सौ सात रूपये), ग्राम किरोला, सेमराअहीर के 10 अवार्डियों को 82,54,729-00 (ब्यासी लाख, चौवन हजार, सात सौ उनतीस रूपये) एवं तहसील बांदरी के ग्राम पहरगुवां के 11 अवार्डी को 1,30,85,311-00 (एक करोड़, तीस लाख, पचासी हजार, तीन सौ ग्यारह रूपये) भू-धारकों के बैंक खातों में राशि हस्तांतरित की जा रही है।

### युवा संगम का आयोजन 27 अप्रैल को

**सागर।** कलेक्टर महोदय के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा युवाओ को रोजगार एंव स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 27 अप्रैल को शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई) सागर के परिसर में प्रातः 11 बजे से किया जा रहा है। आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में रोजगार मेला तथा अप्रेन्टिसशिप मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदको का साक्षात्कार लेकर चयन किया जावेगा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओ की जानकारी तथा ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। आवेदको कों साक्षात्कार के लिये रोजगार कार्यालय का पंजीयन, संमग्र आई डी. दो पासपोर्ट साइज के फोटो, शैक्षणिक योग्यता संबंधी (अंकसूची) प्रमाण पत्र अपने साथ आवश्यक रूप से लाये। कंपनीयों के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदकों का साक्षात्कार के माध्यम से विभिन्न पदों के लिये चयन किया जाएगा।

### छठवें राज्य वित्त आयोग की संभागीय बैठक आज

**सागर।** छठवें राज्य वित्त आयोग की संभागीय बैठक 25 अप्रैल को सागर में आयोजित की जाएगी। इस संबंध में राज्य वित्त आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार नवगठित छठवें राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयमान सिंह पवैया की अध्यक्षता में यह बैठक आयोजित होगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक सर्किट हाउस सागर में सागर जिले के मंत्रीगण, सांसद, समस्त विधायकगण, महापौर, नगर निगम सागर एवं जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ बैठक आयोजित कर स्थानीय नगरीय एवं पंचायत राज संस्थाओं की वित्तीय स्थिति पर सुझावात्मक चर्चा की जाएगी।इसके पश्चात दोपहर 2.30 बजे से सायं 4 बजे तक संभागीय आयुक्त सागर संभाग के समस्त कलेक्टर, आयुक्त नगर निगम सागर एवं जिला मुख्यालयों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों के साथ बैठक संभागीय कार्यालय सागर में आयोजित होगी।

**सहकारी समिति के द्वारा उपार्जन कार्य शुरू न करने वाली समितियों को नोटिस जारी करें**

# जिला उपार्जन समिति सदस्य प्रतिदिन पांच-पांच उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करें: कलेक्टर पाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

उपार्जन का परिवहन एवं भुगतान का कार्य समय पर करें एवं सहकारी समिति के द्वारा उपार्जन कार्य शुरू न करने वाली समितियों को नोटिस जारी करें साथ ही जिला उपार्जन समिति सदस्य प्रतिदिन पांच पांच उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करें। उक्त निर्देश कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जिला उपार्जन समिति की बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश रावत, जिला आपूर्ति नियंत्रक ज्योति बघेल, रोहित बघेल सहित जिला उपार्जन समिति के सदस्य मौजूद थे।जिले में उपार्जन कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर प्रतिभा पाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की सुविधा और पारदर्शी प्रक्रिया के लिए उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी और किसानों की सहूलियत को देखते हुए प्रत्येक केंद्र पर शुद्ध पेयजल, किसानों को बैठने के लिए छायादार स्थान, प्राथमिक चिकित्सा किट, शौचालय, तकनीकि सामग्री, तौलकांटा, इंटरनेट, बारदाना जैसी समस्त मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।



कलेक्टर प्रतिभा पाल ने निर्देशित किया है कि जिले के सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र के उपार्जन केंद्रों का अनिवार्य रूप निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान उपार्जन केंद्र की क्षमता, बारदाने की उपलब्धता और तौल कांटों की शुद्धता की बारीकी से जांच की जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर यह सुनिश्चित करें कि उपार्जन की प्रक्रिया सुचारू और पारदर्शी तरीके से संचालित हो रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि उपार्जन होते ही परिवहन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जावे। उन्होंने कहा कि बारदाने की उपलब्धता लगातार बनी रहे यह भी सुनिश्चित किया जाए।



## भीषण आग की चपेट में आए दिव्यांग किसान के 90 पाइप और फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

तहसील के ग्राम चांदपुर के करीब एक खेत में गुरुवार को अज्ञात कारणों से लगी आग ने एक गरीब दिव्यांग किसान की मेहनत पर पानी फेर दिया।

इस अग्निकांड में किसान के 90 सिंचाई पाइप और खेत में रखी कटी हुई फसल जलकर खाक हो गई। किसान भागवत अहिरवार जो स्वयं दिव्यांग हैं, अपनी पत्नी के साथ खेत पर ही झोपड़ी बनाकर रहते हैं और खेती-किसानी से अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। दोपहर करीब 3:00 बजे अचानक खेत से आग की लपटें उठती देख किसान की पत्नी ने तत्काल फोन कर भागवत को जानकारी दी। सूचना मिलते ही भागवत अपने भाई नरेंद्र और प्रसादी अहिरवार के साथ मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का भरसक प्रयास किया। लेकिन आग इतनी विकराल थी कि देखते ही देखते वहां रखे 90 प्लास्टिक पाइप और गेहूं की कटी फसल जलकर राख हो गई। पीड़ित किसान के अनुसार, इस घटना में उनका लगभग 1 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है।

गनीमत रही कि आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, वरना पास ही झोपड़ी में रखी गेहूं की 90 बोरियां भी इसकी चपेट में आ सकती थीं। पीड़ित किसान ने प्रशासन से उचित मुआवजे की गुहार लगाई है ताकि वह दोबारा अपने पैरों पर खड़ा हो सके।



## ग्राम सिंगपुर गंजन में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन, 230 ग्रामीणों की जांच

**देवरीकलॉ।** श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुण्ड चित्रकूट के तत्वाधान में समाजसेवी नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अलकेश जैन द्वारा ग्राम सिंगपुर गंजन में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 230 ग्रामीणों को नेत्र परीक्षण किया गया एवं 160 ग्रामीणों को निशुल्क चश्मा प्रदान किया गया। परीक्षण के उपरांत 13 ग्रामीणों को आपरेशन के लिए चित्रकूट रवना किया गया।ग्राम सिंगपुर गंजन के हाट बाजार परिसर में श्री राम मंदिर के समीप स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित उक्त निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर सुबह 09 बजे आरंभ किया गया जिसमें ट्रस्ट के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा शिविर में आये ग्रामीणों की आंखों की मशाीनों द्वारा जांच की गई। दोपहर 03 बजे तक चले इस शिविर में लगभग 230 लोगों की जांच की गई एवं जांच उपरांत 160 लोगों को चश्मा प्रदान किया गया। साथ में 50 मरीजों को दवाईयां वितरित की गई। जांच के उपरांत आपरेशन हेतु 13 मरीजों को चित्रकूट रवाना किया गया। शिविर के प्रचार एवं प्रबंध सहयोगी समाजसेवी अलकेश जैन ने बताया कि अगले माह की 23 तारीख को ग्राम सिंगपुर गंजन (सामुदायिक भवन श्री राम मंदिर के पास) में शिविर का आयोजन किया जाएगा नेत्र परीक्षण शिविर में जनपद सदस्य रामजी दुबे, सरपंच कृष्ण कुमार, पूर्व सरपंच हरगोविंद कुर्मी, प्रभाती जैन, नन्हे भाई कुर्मी, रामगोपाल कुर्मी, अरविंद कुर्मी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सौन्दर्यीकरण की मुहिम में पहुंचे नागरिकों ने तपती दोपहरी में बहाया पसीना

### बनी सहमति हटी रोक तो मुक्तिधाम की साफ-सफाई में जुटे श्रमदानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलां

देवरी नगर के झुनकु वार्ड संगम घाट स्थित मुक्तिधाम में विगत 2 माह से जन सहयोग से चल रही सौन्दर्यीकरण और स्वच्छता की मुहिम फिर आरंभ हो गई है। प्रशासन की रोक के बाद उत्पन्न अवरोध के बाद नागरिकों की मांग पर प्रशासन और नागरिकों के बीच समन्वय स्थापित होने के बाद श्रमदानी वापिस मुक्तिधाम परिसर में साफ-सफाई में जुट गये है।

झुनकू वार्ड मुक्तिधाम में लंबे समय से जन सहयोग चल रही कायाकल्प की मुहिम अब रंग लाने लगी है। मुक्तिधाम में साफ सफाई,वृक्षारोपण सहित सौन्दर्यी करण प्रयासों से अब मुक्तिधाम एक सुन्दर पार्क में बदल रहा है। गुरुवार को आयोजित महा श्रमदान अभियान में नगर के बुद्धिजीवी नागरिकों, युवाओं ने कई घंटो तक साफ सफाई कर पसीना बहाकर स्वच्छता और सौन्दर्यीकरण के संकल्प को दोहराया।गुरुवार सुबह से ही मुक्तिधाम में आयोजित महा श्रमदान में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और उन्होने मुक्तिधाम में साफ-सफाई, रोपित वृक्षों की गुढ़ाई सहित शमशान शेड के आसपास जमा कचरे का निष्पादन किया।



इस संबंध में नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अलकेश जैन ने बताया कि मुक्तिधाम एक जगह है जहाँ व्यक्ति सब कुछ भूलकर जनकल्याण एवं सर्वकल्याण की भावना और संसार की वास्तविक सच्चाई के करीब होता है। नागरिकों द्वारा इस कार्य में बढ़ चढ़कर सहयोग किया जा रहा है। महा श्रमदान अभियान में सतीष अरेले, महंत हरि कृष्ण दास, कश्यप बोहरे, श्रीकांत स्थापक, देशराज गुप्ता, जगत ठाकुर, वीरेंद्र जाटव, रामकुमार विश्वकर्मा, मुन्ना कोष्टी, कैलाश पटेल, अमित कटारे, अंकित प्रजापति, शिवा नामदेव, वैभव खत्री सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा खुरई द्वारा श्री चित्रगुप्त जी का प्राकट्योत्सव मनाया



**खुरई।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा खुरई द्वारा आयोजित आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त जी का प्राकट्योत्सव उपस्थित मातृशक्ति एवं कायस्थ बंधुओं के साथ, समाज के अध्यक्ष चित्रांश, एम सी सक्सेना एवं मुख्य यजमान चित्रांश एस पी खरे, के सानिध्य में भगवान श्री का सामूहिक अभिषेक हवन पूजन किया गया एवं कोषाध्यक्ष आर पी खरे जी द्वारा वार्षिक आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, तत्पश्चात रिटायर्ड रेंजर चित्रांश शशि खरे द्वारा महाप्रसादी सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में खुरई एवं आसपास के कायस्थ परिवार सम्मिलित रहे।

## नगर निगम स्वामित्व की 318 दुकानों का किराया बकाया आवंटन निरस्त करने नोटिस जारी करने के निर्देश

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने नगर निगम स्वामित्व की दुकानों का किराया लंबे समय से जमा नहीं करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने सहायक आयुक्त आनंद मंगल गुरु को बकायादार दुकानदारों को नोटिस जारी कर दुकानों का आवंटन निरस्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ करने को कहा है।सहायक आयुक्त आनंद मंगल गुरु ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम स्वामित्व की कुल 318 दुकानों का किराया अभी तक जमा नहीं किया गया है। इनमें अवंतीबाई मार्केट मकरोनिया, महाराणा प्रताप कॉम्प्लेक्स अप्सरा टॉकीज, नया बाजार, अमर टॉकीज, निगम मार्केट तथा प्राइवेट बस स्टैंड सहित विभिन्न स्थानों पर स्थित दुकानें शामिल हैं। कई दुकानदारों द्वारा बार-बार सूचना देने के बावजूद किराया जमा नहीं कराया गया है। उन्होंने बताया कि निगम प्रशासन द्वारा ऐसे सभी दुकानदारों को अंतिम नोटिस जारी किए जा रहे हैं। नोटिस अवधि में बकाया राशि जमा नहीं करने पर संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## वर्षा पूर्व नाला-नालियों की सफाई अभियान में तेजी मशीनों से हो रहा नाला सफाई का व्यापक कार्य

**सागर।** निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा वर्षा पूर्व शहर में नाली-नालियों की सफाई का अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। इस कार्य के तहत बड़े नालों की सफाई जेसीबी मशीनों के माध्यम से की जा रही है, जबकि तंग गलियों में छोटी मशीनों और सफाई मित्रों की मदद से सफाई कार्य जारी है। नालियों से निकलने वाले मलवा को उठाने के लिए निगम ने डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।इसके साथ ही सफाई कार्यों की निगरानी के लिए सभी सफाई दरोगाओं और जोन प्रभारियों को निर्देशित किया गया है ताकि अभियान में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। निगम आयुक्त ने शहरवासियों से अपील की है कि वे नालियों में कचरा या मलबा न डालें, क्योंकि इससे जल प्रवाह बाधित होता है।



## भोपाल में कांग्रेस सेवादल का सत्याग्रह, उपवास में सागर शहर सेवादल ने दी अपनी सहभागिता

**सागर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल द्वारा किसानों की समस्याओं को लेकर भोपाल में 24 घंटे का सत्याग्रह एवं उपवास आंदोलन जवाहर भवन, रोशनपुरा पर आयोजित किया गया। आयोजन प्रदेश सेवादल के मुख्य संगठक अवनीश भार्गव द्वारा किया गया। सत्याग्रह में प्रदेश प्रभारी प्रेम नारायण मिश्रा, यंग ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष गजानन तिवारी, महिला सेवादल अध्यक्ष संगीता कांकरिया, किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान के साथ सागर जिला सेवादल के प्रभारी शिवकुमार नीखरा, मुशताक खान सेवादल परिवार से शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, प्रदेश महासचिव विजय साहू, प्रीतम यादव, लल्ला यादव, परख शुक्ला, अंकुर यादव, मुकेश ठाकुर, मुकेश यादव, अब्बू दुबे, प्रहलाद पटेल, प्रदीप यादव, अनुराग नामदेव आदि ने सागर से भोपाल पहुंच कर अपनी सहभागिता प्रदान की।

**जुआ, सट्टा, अवैध शराब और कटर बाजी जैसी घटनाओं को रोकने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है**

# शहर में बिगड़ती कानून व्यवस्था और नगर निगम की लापरवाही को लेकर शहर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने आज संभागायुक्त कार्यालय पहुंचकर शहर में बदहाल कानून व्यवस्था और नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर जमकर विरोध जताया एवं नारेबाजी की और दो ज्ञापन सौंपे गए। कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस नेता सुरेंद्र सुहाने एवं नगर निगम की समस्याओं को लेकर ज्ञापन का वाचन नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह बब्बू यादव ने किया। जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि शहर में कानून व्यवस्था चौपट हो गई है जुआ, सट्टा, अवैध शराब और कटर बाजी जैसी घटनाओं को रोकने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। मेडिकल स्टोर पर भी भारी मात्रा में सस्ते नशे की गोलियां मिलती है जिससे कटरवाज नशे में बारदात को अंजाम दे रहे हैं। यातायात व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची पूरे शहर में ट्रैफिक जाम है और यातायात के पुलिसकर्मी पेड़ की छांव के नीचे चालान काटने में मगन है। चैन स्कैनिंग जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। महेश जाटव ने कहा कि आप अपने स्तर पर इन विभागों के कारनामों की समीक्षा करवाएं ।



वहीं जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि नगर निगम में निर्माण कार्य बहुत ही घटिया क्वालिटी से सड़क, नाली, आवास योजना के मकान का कार्य हो रहा है । घटिया निर्माण कार्यों वाले ठेकेदारों पर गुणवत्ता विहीन कार्य करने पर कार्यवाही नहीं होती अधिकतर निर्माण कार्यों का ठेका पर्दे के पीछे पार्षद के परिवारों के द्वारा ही लिया जा रहा है जिसकी जांच हो और कार्रवाई हो। शहर में गंदे पानी की सप्लाई को रोकने की पहल करवाई जाए एवं कांग्रेस पार्षदों के वार्डों में निर्माण कार्य नहीं हो रहा है जिसे भेदभावपूर्ण तरीका ना अपनाया जाये इसकी समीक्षा करवाएं। नगर निगम ने जो जलकर, संपत्ति कर के बिल दिए उनमें त्रुटियां हैं उन्हें सुधरवाने शिविरों का आयोजन हो। महेश जाटव ने कहा कि आवारा पशु, कुत्तों, सुअरों से जनता को निजात दिलाने व पार्कों का रखरखाव हेतु पहल करे डेयरी विस्थापन में भ्रष्टाचार व अवैध कालोनियों के निमार्ण करने वालों पर एफ आई आर दर्ज हो ।

अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि एलीवेड कॉरिडोर पर जाली लगाने का कार्य अधूरा है उसे पूरा किया जाए ताकि आत्महत्या रोकी जा सकें। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनील जैन, जगदीश यादव, राकेश राय, प्रदीप गुप्ता, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, संदीप सब लोक, शरद पुरोहित, रमाकांत यादव, राहुल चौबे, सागर साहू, ब्लॉक अध्यक्ष हेमराज रजक, वीरेंद्र राजे, नरेंद्र मिश्रा, कमलेश तिवारी, दीनदयाल तिवारी, आनंद हैला, शिव शंकर गुड्डु यादव, जितेंद्र रोहण, अशोक साहू चकिया, ताहिर खान, नीलोफर चमन अंसारी, सुलेखा राय, रिचा सिंह, रोशनी वसीम खान, गीता कुशवाहा, किरण लता सोनी, ज्योति मलैया, रेखा सोनी, अर्चना कनौजिया, महेश अहिरवार, भैयन पटेल, सुनील ठाकुर, निखिल जैन, अजय सिंह राजपूत, मयंक ठक्कर, समीर खान, रवि सोनी, हरिश्चंद्र सोनवार, नौशाद अब्बासी, एडवोकेट अजमत खान, एडवोकेट अकील सिद्दीकी, पीयूष अवस्थी, एडवोकेट आलोक प्यासी, राजेश श्रीवास, वीरेंद्र महावते, संजय सराफ, कुंजीलाल लड़ियां, श्री दास रैकवार, संजय रैकवार, अनिल दक्ष, सुनील पाहवा, देशराज यादव, दुलीचंद सकवार, जाहिर खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे ।




## कृष्णागंज वार्ड में स्वच्छता पंचायत आयोजित नागरिकों को किया जागरूक

**सागर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न वार्डों एवं जोन कार्यालयों में स्वच्छता पंचायतों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को कृष्णगंज वार्ड में स्वच्छता पंचायत आयोजित कर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन समिति के सभापति अनूप उर्मिल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने घर, मोहल्ले एवं आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखें तथा कचरे को निर्धारित स्थान पर डालें, तो सागर शहर स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान प्राप्त कर सकता है। उन्होंने नागरिकों से गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने, प्लास्टिक का कम उपयोग करने, सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी न फैलाने तथा नगर निगम के स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग देने की अपील की। साथ ही सभी उपस्थितजनों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।इस अवसर पर जोन क्रमांक 2 से स्वच्छता निरीक्षक कुलदीप वाल्मीकि, आकाश करोसिया, मनीष सेन सहित वार्ड के नागरिक रफीक खान, नासिर खान, संदीप यादव, लखन यादव, मोहन सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

ढोंगा क्षेत्र में निर्माण स्थल का किया निरिक्षण, नपा में बैठक किया परिचय

# पदभार लेते ही नपाध्यक्ष अंजलि ने पीएम आवास को दी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

नगर पालिका में प्रशासनिक बदलाव के तहत डिप्टी कलेक्टर अंजलि शर्मा ने शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा पूर्व अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार को पद से हटाए जाने के बाद यह नियुक्ति की गई है। पदभार संभालने के तुरंत बाद नवनियुक्त अध्यक्ष अंजलि शर्मा ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया एवं विभागीय कर्मचारियों के साथ औपचारिक बैठक की। बैठक में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपना परिचय देते हुए अपने-अपने कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान शहर में चल रहे विकास कार्यों, योजनाओं की प्रगति और प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रशासन द्वारा नवनियुक्त नगर पालिका अध्यक्ष अंजलि शर्मा ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि नगर में संचालित सभी विकास कार्य निर्धारित गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कार्यों में लापरवाही या देरी पर सख्त कार्रवाई के संकेत भी दिए। बैठक के पश्चात उन्होंने ढोंगा क्षेत्र का दौरा कर प्रधानमंत्री आवास योजना एएचपी घटक के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए संबंधित ठेकेदार को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। मौके पर सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया, उपयंत्री दीपक विश्वकर्मा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। नवनियुक्त अध्यक्ष अंजलि शर्मा ने शहर के समग्र विकास, नागरिक सुविधाओं में सुधार और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को अपनी प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि नगर के विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।





### समरुपता हेतु अंजलि शर्मा नपाध्यक्ष हैं, प्रशासक नहीं

टीकमगढ़ नगर पालिका को लेकर सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया द्वारा प्रशासनिक स्पष्टता सामने रखते हुये बताया गया है कि नगरीय प्रशासन विभाग के उप सचिव द्वारा जारी आदेश में डिप्टी कलेक्टर अंजलि शर्मा को प्रशासक नहीं बल्कि नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। शासन द्वारा उन्हें अध्यक्ष पद के समस्त अधिकार और प्रभार सौंपे गए हैं। यानी यह नियुक्ति केवल प्रशासनिक नियंत्रण के लिए नहीं, बल्कि पूर्ण रूप से निर्वाचित अध्यक्ष के अधिकारों के अनुरूप की गई है। जिससे नगर पालिका के कार्य अध्यक्ष रूप में ही समरुपता से किये जा सके। सीएमओ भदौरिया ने बताया कि शासन द्वारा जारी किये गये आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि नगरपालिका परिषद टीकमगढ़ में अध्यक्ष का पद रिक्त हो जाने से परिषद हित एवं लोकहित में कार्यों के सुचारू रूप से संचालन आवश्यक होने से राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 346 में निहित शक्तियों के अंतर्गत अध्यक्ष की शक्तियों एवं कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु डिप्टी कलेक्टर अंजली शर्मा को प्राधिकृत करता है। अर्थात अध्यक्ष की शक्तियों के साथ अंजलि शर्मा नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में ही कार्य करेंगी। इस आदेश के बाद नगर पालिका में नेतृत्व को लेकर चल रही चर्चाओं पर विराम लग गया है और स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो गई है।

स्लॉट बुकिंग व खरीदी व्यवस्थाओं में सुधार की उठाई मांग

# गेहूं उपार्जन में अव्यवस्था पर किसानों का हल्लाबोल, ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत के आह्वान पर प्रदेश के 27 जिलों में जिला मुख्यालयों पर किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपे। इसी क्रम में टीकमगढ़ में जिलाध्यक्ष शिव मोहन गिरि के नेतृत्व में किसानों ने गेहूं उपार्जन में आ रही विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के नाम डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में किसानों ने बताया कि सैटेलाइट सर्वे की विफलता के कारण फसल सत्यापन में भारी विसंगतियां सामने आ रही हैं, जिससे स्लॉट बुकिंग नहीं हो पा रही है। किसानों ने मांग की कि पटवारियों के सत्यापन को अंतिम मान्यता देकर तत्काल स्लॉट बुकिंग शुरू कराई जाए। इसके साथ ही छोटे और बड़े किसानों के लिए 2:1 अनुपात में मिश्रित स्लॉट बुकिंग व्यवस्था लागू करने, स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 10 मई तथा खरीदी की समय सीमा 20 मई तक बढ़ाने की मांग भी उठाई गई। किसानों ने पराली जलाने के नाम पर दर्ज किए जा रहे प्रकरणों और लगाए जा रहे जुर्माने को बंद करने की मांग की। साथ ही उमरिया जिले में वनाधिकार पट्टाधारी किसानों पर दर्ज हो रहे प्रकरणों को तत्काल रोकने की बात कही। ज्ञापन में जबलपुर, मऊगंज और सागर जिलों में उपार्जन केंद्रों की संख्या बढ़ाने, स्लॉट बुकिंग साइट को दिन में खोलने तथा खरीदी केंद्रों पर छांव और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी शामिल रही। इसके अलावा किसानों ने तुलाई में अनियमितता, बाहरी राज्यों से आ रहे अनाज पर रोक, उपज मानक बढ़ाने, सहकारी संस्थाओं में अतिरिक्त जमानतदार की बाध्यता समाप्त करने तथा रबी धान की एमएसपी पर खरीदी सुनिश्चित करने की मांग रखी। मऊगंज जिले में फार्मर आईडी नहीं बनने से खाद वितरण में आ रही समस्या को भी प्रमुखता से उठाया गया। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि खरीदी केंद्रों पर बारदाना, टैग और पल्लेदारों की पर्याप्त व्यवस्था की जाए, परिवहन शीघ्र कराया जाए ताकि किसानों को समय पर भुगतान मिल सके। व्यापारियों द्वारा कम दाम पर गेहूं खरीदी, आईटीसी कंपनी की खरीदी प्रक्रिया में अनियमितता तथा निजी वेयरहाउसों द्वारा अमानक बीज के कारोबार की जांच कर कार्रवाई की मांग भी की गई।

किसानों ने कहा कि सरकार वर्ष 2026 को किसान वर्ष के रूप में मना रही है, बावजूद इसके किसानों की समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान जिला मंत्री राजेंद्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष भागवत सिंह सोलंकी, बृजेश कुमार पाठक, कोषाध्यक्ष अवधेश गिरि सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### यात्री की जेब से 17 हजार रुपए उड़ाए

**ललितपुर।** प्रयागराज एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे एक बुजुर्ग यात्री के साथ इंदौर रेलवे स्टेशन पर चोरी की वारदात सामने आई है। टिकट लेते समय किसी अज्ञात व्यक्ति ने यात्री की जेब से 17 हजार रुपये पार कर दिए। ललितपुर के ग्राम जिजयावन निवासी 60 वर्षीय सुल्तान सिंह अपनी यात्रा के दौरान प्रयागराज एक्सप्रेस के जनरल कोच में सवार थे। घटना 22 अप्रैल को सुबह 11.35 बजे की है, जब वह इंदौर रेलवे स्टेशन पर टिकट घर के पास मौजूद थे। सुल्तान सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि इंदौर रेलवे स्टेशन पर टिकट लेते समय किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके पजामे की जेब में रखे 17 हजार रुपये चोरी कर लिए। सूचना के बाद जीआरपी ललितपुर में मामला दर्ज कर लिया गया है।

### खेत से सिंचाई इंजन चोरी, मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्र में खेत से सिंचाई के लिए लगा इंजन चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने गांव के ही पांच लोगों पर चोरी का शक जताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। घटना के बाद इलाके में किसानों के बीच चिंता का माहौल है। थाना पूराकलां क्षेत्र के मजरा मुतियानाला खिरक निवासी सुखदीन रजक पुत्र हररिया ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके खेत पर सिंचाई के लिए लगा पंप इंजन पिछले करीब 8 वर्षों से स्थापित था, जिससे वे अपनी फसलों की सिंचाई करते थे।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में कार्य कुशलता का पुलिस ने छठी बार मनबाया अपना लोहा

# 'हर चुनौती को बदला जा सकता है अवसर में'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



अगर हम इसी तरह संवेदनशीलता और सेवा भावना के साथ कार्य करते रहे तो हम हर चुनौती को ख़ुशी के अवसर में बदल सकते हैं। उक्त प्रेरणादायक उदबोधन पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने एक उत्सव के दौरान जिला पुलिस के समक्ष दिया। पुलिस ने जनसेवा और शिकायत निवारण के क्षेत्र में एक बार फिर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए अपनी कार्यकुशलता का लोहा मनवाया है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के प्रभावी एवं समयबद्ध निराकरण के आधार पर माह मार्च की रैंकिंग में टीकमगढ़ पुलिस ने अपने समूह में पूरे मध्यप्रदेश में लगातार छठी बार प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई का जिले के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने अधिकारियों के साथ केक काटकर खुशी साझा की और पूरी टीम को इस सफलता का श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि टीम भावना, अनुशासन और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह सफलता हमारी टीम की कर्तव्यनिष्ठा और जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। संवेदनशीलता और सेवा भावना के साथ कार्य कर हम हर चुनौती को अवसर में बदल सकते हैं। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने भविष्य के लिए संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि टीकमगढ़ पुलिस आगे भी और अधिक तत्परता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करेगी तथा प्रदेश ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्टता की नई मिसाल कायम करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायतों का त्वरित और संतोषजनक निराकरण प्रशासनिक दक्षता का महत्वपूर्ण पैमाना माना जाता है। इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि टीकमगढ़ पुलिस कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है।

# रास्ता रोककर युवक पर जानलेवा हमला, डंडों से पीट पीटकर अधमरा किया

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में दबंगों द्वारा एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने युवक को रास्ते में घेरकर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीट दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

ग्राम करन निवासी सरवर सिंह पुत्र निरंजन सिंह ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि उनके पुत्र रामवतार सिंह का कुछ दिन पहले गांव के ही कुछ लोगों से विवाद हुआ था। उस दौरान भी आरोपियों ने गाली-गलौज और मारपीट की थी, लेकिन मामला किसी तरह शांत हो गया था। बताया गया कि 20 अप्रैल 2026 की रात करीब 12 बजे रामवतार सिंह ग्राम बरेरा से एक कार्यक्रम से अपनी कार द्वारा वापस घर लौट रहा था। उसके साथ नंदकिशोर भी मौजूद था। जैसे ही रामवतार गांव के पास पहुंचा, पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने उसे रोक लिया और अचानक हमला बोल दिया। पीड़ित ने बताया कि रमेश, लल्लू, बबलू उर्फ हरीगोविंद के अलावा 5-6 अज्ञात व्यक्तियों ने उनपर हमला किया। घटना के दौरान रामवतार के साथ मौजूद नंदकिशोर ने जब बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उसे भी निशाना बनाया और मारपीट शुरू कर दी। किसी तरह वह अपनी जान बचाकर मौके से भाग निकला। घटना के बाद रामवतार गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही बेहोश हो गया। सुबह ग्रामीणों ने उसे देखा और परिजनों को सूचना दी। परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे झांसी रेफर कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आसरा अभियान के तहत बड़ागांव पुलिस पहुंची 90 वर्षीय असहाय दंपत्ति तक

# बेटों से बेसहारा हुए बुजुर्ग दंपती का एसपी मंडलोई बने सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



बेटों से उपेक्षित होकर मार्मिक जीवन जीने को मजबूर 90 वर्षीय बुजुर्ग दंपती तक पुलिस ने पहुंचकर उनकी मानवीय मदद की। इतना ही नहीं बल्कि पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने निर्देश दिए है कि पेट्रोलिंग के दौरान नियमित रूप से बुजुर्ग दंपती का हालचाल पता किया जाता रहे। मानवीय संवेदनाओं को केंद्र में रखकर टीकमगढ़ पुलिस द्वारा चलाया जा रहा आसरा अभियान एक बार फिर जरूरतमंदों के लिए उम्मीद की किरण बनकर सामने आया है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में यह अभियान न केवल कानून व्यवस्था बल्कि समाज के कमजोर वर्ग के प्रति संवेदनशील पुलिसिंग की मिसाल पेश कर रहा है।

शुक्रवार 24 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई को मीडिया द्वारा सूचना मिली कि थाना बड़ागांव क्षेत्र में एक वृद्ध दंपत्ति अपने दो बेटों से उपेक्षित होने की बजह से अत्यंत दयनीय स्थिति में जीवन यापन कर रहा है। उक्त सूचना मिलते ही एसपी मंडलोई द्वारा उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल बड़ागांव थाना प्रभारी को मौके पर भेजा गया और आवश्यक सहायता करने के निर्देश दिए गए। जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची, तो सामने आई तस्वीर ने सभी को भावुक कर दिया। लगभग 90 वर्षीय बुजुर्ग और 85 वर्षीय वृद्धा असहाय अवस्था में जीवन गुजार रहे थे। दोनों ही शारीरिक रूप से कमजोर और बीमार थे, वहीं देखभाल करने वाला कोई नहीं था। परिवारजन दूर होने के कारण वे पूरी तरह अकेले पड़ गए थे। पुलिस टीम ने सिर्फ औपचारिकता निभाने के बजाय मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए दंपत्ति से आत्मीय संवाद किया, उनका हाल जाना और उनके दर्द को समझा। इसके बाद जनसहयोग के माध्यम से उन्हें तत्काल राशन सामग्री, फल और जरूरी दवाइयां उपलब्ध कराई गईं, जिससे उनकी स्थिति में राहत मिल सकी। पुलिस ने बुजुर्ग दंपत्ति को यह भरोसा भी दिलाया कि वे अकेले नहीं हैं। क्षेत्र में नियमित पेट्रोलिंग के दौरान बुजुर्ग दंपती की नियमित निगरानी की जाएगी और जरूरत पड़ने पर हर संभव मदद पहुंचाई जाएगी। इस पहल को और प्रभावी बनाते हुए पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने संबंधित बुजुर्गों के परिजनों का पता लगाने और उन्हें अपने माता-पिता की देखरेख के लिए समझाइश देने के निर्देश भी दिए हैं। पुलिस के इस आत्मीय व मानवीय रूप को देखकर मौके पर मौजूद बड़ागांव वासियो ने कहा कि संवेदनशील पुलिसिंग की मिसाल बन चुका आसरा अभियान अब केवल एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि समाज के उन लोगों के लिए सहारा बनता जा रहा है, जो परिस्थितियों से हार चुके हैं। टीकमगढ़ पुलिस ने यह साबित कर दिया है कि वर्दी केवल कानून का प्रतीक नहीं, बल्कि संवेदना, सेवा और जिम्मेदारी का भी प्रतीक है।

कर्तव्य में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त: एसपी

# एसपी ने अवकाश व अनुपस्थिति प्रकरणों की समीक्षा कर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिला पुलिस में कार्यकुशलता, अनुशासन और जवाबदेही को पहले से अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लंबित अवकाश प्रकरणों तथा अनुपस्थिति से जुड़े मामलों की समीक्षा की। इस दौरान सभी मामलों का गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ परीक्षण कर लंबित अवकाश प्रकरणों का नियमानुसार निराकरण किया गया। समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट रूप से कहा कि विभागीय अनुशासन पुलिस व्यवस्था की आधारशिला है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ करने के निर्देश दिए।





### जिम्मेदारी और नियम पालन पर जोर

बैठक के दौरान अवकाश और उपस्थिति से संबंधित प्रक्रियाओं के कड़ाई से पालन पर विशेष बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने निर्देशित किया कि अवकाश लेने से पूर्व सक्षम अधिकारी से स्वीकृति लेना अनिवार्य होगा तथा बिना सूचना अनुपस्थित रहने की प्रवृत्ति पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शासकीय कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मानवीय दृष्टिकोण के साथ साथ अनुशासन को सर्वोपरि रखने पर जोर देते हुये एसपी मंडलोई ने कहा कि अवकाश प्रकरणों का निराकरण सदैव मानवीय आधार पर किया जाता है, ताकि कर्मचारियों की व्यक्तिगत परिस्थितियों को ध्यान में रखा जा सके। लेकिन कर्तव्य के दौरान अनुशासन और प्रतिबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता है। उक्त बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, सूबेदार उत्तम सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# रेंजर पर कार्रवाई, अजाक्स ने की निष्पक्ष जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जतारा वन परिक्षेत्र के रेंजर शिशुपाल अहिरवार पर हुई निलंबन की कार्रवाई अब तूल पकड़ती जा रही है। इस मामले की आंच अब अजाक्स संगठन तक पहुंच गई है। संगठन ने प्रकरण को लेकर निष्पक्ष जांच की मांग उठाते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है, जिसमें मुख्य वनसंरक्षक छतरपुर पर आरोप लगाए गए हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि मुख्य वनसंरक्षक द्वारा शिशुपाल अहिरवार के खिलाफ की गई कार्रवाई व्यक्तिगत और जातिगत द्वेषभावना से प्रेरित है। संगठन का कहना है कि बिना किसी पूर्व नोटिस या स्पष्टीकरण के एक साथ चार आरोप पत्र जारी करना न केवल नियमों के विरुद्ध है, बल्कि यह सुनियोजित प्रताड़ना का संकेत भी देता है।

जिलाध्यक्ष वेनी प्रसाद अहिरवार के नेतृत्व में अजाक्स ने अपने ज्ञापन में बताया कि शिशुपाल अहिरवार वर्ष 2011-12 बैच के स्थायी वनक्षेत्रपाल हैं और उन्होंने अपने कार्यकाल में जतारा क्षेत्र में हजारों हेक्टेयर वनभूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराकर वृक्षारोपण कराया है। इसके साथ ही उन्होंने अवैध कटाई, परिवहन और वन माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर, ट्रक, पिकअप और जेसीबी मशीनों सहित कई वाहनों को जब्त कराया तथा आरोपियों के खिलाफ न्यायालयीन कार्रवाई भी की। इतने प्रभावी कार्यों के बावजूद उनके खिलाफ जारी किए गए चारों आरोप पत्र तथ्यहीन और निराधार हैं। पहले आरोप में न्यायालय के आदेश के पालन को लेकर आपत्ति जताई गई, जबकि दूसरे आरोप में ऑडियो क्लिप को बिना फोरेंसिक जांच के आधार बनाया गया। तीसरे आरोप में वाहन प्रकरणों को लेकर सवाल उठाए गए, जबकि उन मामलों में न्यायालय द्वारा निर्णय दिया जा चुका है। चौथे आरोप में पुराने अतिक्रमण को लेकर जिम्मेदारी तय की गई, जबकि उक्त क्षेत्र में स्वयं रेंजर द्वारा 115 हेक्टेयर से अधिक भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गई थी। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि एक ही दिन में चार आरोप पत्र जारी करना स्पष्ट रूप से दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई को दर्शाता है। साथ ही यह भी आशंका जताई गई कि आगामी पदोन्नति और समयमान वेतनमान को प्रभावित करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है।

अजाक्स संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि रेंजर द्वारा पूर्व में कुछ मामलों में वरिष्ठ अधिकारियों से असहमति जताने और विभागीय अनियमितताओं की ओर ध्यान दिलाने के कारण उन्हें निशाना बनाया गया। इसमें जब्त वाहनों को मुक्त न करने के आग्रह और विभागीय लिपिक की कार्यशैली पर सवाल उठाना भी शामिल बताया गया है। संगठन ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि शिशुपाल अहिरवार के खिलाफ जारी सभी आरोप पत्र तत्काल निरस्त किए जाएं, निलंबन समाप्त कर उन्हें बहाल किया जाए तथा पूरे मामले की निष्पक्ष विभागीय जांच कराई जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारियों के साथ किसी प्रकार का भेदभाव न हो।

सात माह बाद आयोजित बैठक एक सप्ताह बाद दोबारा बुलाने के संकल्प के साथ संपन्न

# पहली बार अपनी चुनी परिषद में पार्षद की हैसियत से शामिल हुईं नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शुक्रवार को श्योपुर नगर पालिका परिषद का विशेष सम्मलेन बुलाया था जो ऐतिहासिक रहा। यह बैठक ऐतिहासिक इसलिए रही क्योंकि इतिहास में पहली बार नगर पालिका अध्यक्ष अपनी ही चुनी हुई परिषद में अध्यक्ष की आसंदी पर बैठने के बजाय पार्षद की हैसियत से शामिल हुई। बैठक की अध्यक्षता नपा उपाध्यक्ष संजय महाना ने की, बैठक में वार्डो में विकास के मुद्दों को नहीं रखने पर हंगामा हुआ लेकिन सीएमओ ने एक सप्ताह में दोबारा बैठक बुलाकर वार्ड विकास के मुद्दों को रखने का आश्वासन देकर जैसे तैसे बैठक में रखे बजट सहित कई मुद्दों को पास करा लिया।

शुक्रवार को दोपहर 3:00 बजे शुरू हुई बैठक से पहले लोगों की भीड़ भी नगर पालिका पर लग गई थी लोग यह देखना चाहते थे कि बैठक की अध्यक्षता कौन करता है, ज्ञात हो कि हाईकोर्ट ने नपाध्यक्ष रेनू राठौर को पॉवर लेस घोषित किया हुआ है, ऐसी स्थिति में वह परिषद की बैठक में उपस्थित भी होंगी या अनुपस्थित रहेगी?। लेकिन बैठक शुरू होते ही नपा अध्यक्ष रेनू राठौर भी अन्य पार्षदों के साथ सभागार में पहुंच गई लेकिन बैठक की अध्यक्षता उनके बजाए कलेक्टर के निर्देश पर नपा उपाध्यक्ष संजय महाना द्वारा की गई वैसे तो बैठक में सभी बिंदु पास कर लिए गए लेकिन नामांतरण के प्रकरण रोक दिए गए पार्षदों ने इनमें लेनदेन के आरोप लगाए थे। साथ ही सभी 23 वार्डों में कोई विकास कार्य नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए पहले वार्डों में विकास के मुद्दों को रखने की बात पर पार्षद अड़ गए। पार्षदों का कहना था कि सभी 23 वार्डों में पूर्व में 10 माह पूर्व आयोजित हुई परिषद की बैठक में हर वार्ड में एक-एक विकास कार्य मंजूर किए थे लेकिन सीएमओ ने बाद में पैसे का अभाव बताकर स्वीकृत काम निरस्त कर दिए जो पूरी परिषद का अपमान है। इस पर सभी पार्षदों ने सीएमओ के खिलाफ नाराजगी जताई बाद में सीएमओ यादव ने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह में ही दूसरी बैठक बुलाकर वार्डों में विकास कार्य के बिंदु को दोबारा रखा जाएगा। तब जाकर बैठक में सभी बिंदुओं को सहमति दी गई।



### पहली बार अध्यक्ष शामिल हुईं पार्षद की हैसियत से

शायद पूरे मध्य प्रदेश में यह पहला अवसर होगा जब कोई नगर पालिका अध्यक्ष, नगर परिषद अध्यक्ष या नगर निगम अध्यक्ष अपने ही चुनी हुई परिषद में अध्यक्ष के बजाय पार्षद की हैसियत से शामिल हुआ हो। हालांकि इससे पहले भी नपा अध्यक्ष की गैर मौजूदगी में उपाध्यक्ष परिषद की बैठक ले चुके हैं लेकिन उस समय नपा अध्यक्ष अनुपस्थित रहे थे। नगर पालिका उपाध्यक्ष रहमतुल्लाह गौरी भी अध्यक्ष एड नंदकिशोर गुप्ता की अनुपस्थिति में अध्यक्ष की हैसियत से बैठक कर चुके हैं कृष्ण गुप्ता की परिषद में उपाध्यक्ष हबीब मोहम्मद कुरैशी करीब 6 माह तक अध्यक्ष की हैसियत से काम करते रहे और कई बैठकों मैं उन्होंने अध्यक्षता की पर अध्यक्ष अपनी ही चुनी हुई परिषद में पार्षद की हैसियत से से शामिल हुई हो ऐसा श्योपुर जिले के इतिहास में तो पहली बार हुआ है।

### मेला ठेका घालमेल पर पार्षदों की चुप्पी पर उठते सवाल

वैसे तो नामांतरण को छोड़कर परिषद की बैठक में सभी बिंदुओं को पार्षदों ने सहमति दे दी लेकिन इसमें मेला ठेके से जुड़ा मुद्दा भी शामिल है जिसे स्वीकृति देने से पार्षदों की मंशा पर भी लोग सावल उठा रहे हैं। दरअसल श्री हजारेश्वर महादेव मेला आयोजन के लिए नगर पालिका सीएमओ ने जो टेंडर जारी किया था उसमें अधिकतम दर 31 लाख रुपए आई है उसे भी बैठक में रखा गया था इस पर पार्षद ने चर्चा किए बिना स्वीकृति दे दी। जबकि विगत वर्ष श्री हजारेश्वर महादेव मेला ठेका की 50 लाख रुपए से अधिक में गया था। यानी कम से कम 9 लाख रुपए का घाटा सीधे-सीधे परिषद को मेला ठेका से हो रहा है इस मामले में पार्षदों द्वारा विरोध नहीं करना भी उनके मंशा पर सवाल खड़े कर रहा है।

### विरोध करेंगे

सीएमओ ने मनमाना एजेंडा बनाया था। उनमें एक भी विकास का बिंदु नहीं थे। पूर्व में आयोजित परिषद की बैठक में सभी 23 वार्डों में एक-एक सड़क नाली से जुड़ा विकास कार्य रखा था जिसे पैसा नहीं होने का अभाव में निरस्त कर दिया था उसके लिए दोबारा बैठक बुलाने का वादा किया है मेला ठेका की दर स्वीकृति बैठक में नहीं थी जब दर स्वीकृति के लिए आएगी तो हम उसका भी विरोध करेंगे।

**सलाउद्दीन बेलिम**
**पार्षद नेता प्रतिपक्ष**

---

गोमाता प्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का अनुरोध

# 27 को श्रीरामतलाई हनुमान मंदिर पर जुटेंगे गौ भक्त, संकीर्तन यात्रा निकाल कर सौंपेंगे प्रार्थना-पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

गौमाता के सम्मान और सुरक्षा को लेकर देशभर में "गौ सम्मान आह्वान अभियान" चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकारों का ध्यान गौमाता की सुरक्षा, सेवा और सम्मान की ओर आकर्षित करना है। इसी अभियान के तहत 27 अप्रैल सोमवार को श्योपुर जिले में भी जिला एवं ब्लॉक स्तर पर ज्ञापन सौंपे जाएंगे।

इसके लिए सभी गौमाता भक्त शहर के शिवपुरी रोड स्थित श्री रामतलाई हनुमान मंदिर पर एकत्रित होंगे,इसके बाद यहां से संकीर्तन



यात्रा निकालते हुए श्योपुर तहसील कार्यालय पहुंचेगे। जहां प्रशासन को प्रार्थना पत्र सौपा जाएगा। प्रशासन को सौपे जाने वाले प्रार्थना पत्र के माध्यम से सरकार से गौहत्या पर सख्त कानून बनाने, सरकारी संस्थानों में गौ उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने, मंदिरों में दूध-दही के उपयोग को अनिवार्य करने तथा प्रत्येक पंचायत स्तर पर गौशालाओं के निर्माण जैसी प्रमुख मांगो को पूरा किए जाने की मांग की जाएगी।

आयोजकों के अनुसार, यह राष्ट्रव्यापी अभियान गौमाता को "राष्ट्रमाता" का दर्जा दिलाने और उनके संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। आयोजको ने गौमाता के प्रति श्रद्धा रखने वाले सभी नागरिको से प्रार्थना सौपे जाने के लिए श्री रामतलाई हनुमान मंदिर परिसर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

---

बैठक में लिया गया निर्णय, अक्षय तृतीया पर भी आयोजित किया था सम्मेलन

# ढोटी आसीदा के मध्य फिर से होगा मीणा समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

ढोटी आसीदा के मध्य में अक्षय तृतीया पर मीणा समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न होने के बाद अब यहां पीपल पूर्णिमा के उपलक्ष्य में भी एक मई को सामूहिक विवाह सम्मेलन फिर से आयोजित किया जाएगा। इस तरह का निर्णय शुक्रवार को ग्राम ढोटी स्थित माताजी मंदिर पर आयोजित हुई सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति की बैठक के दौरान सर्व सम्मति से लिया गया।

सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्ष हरिमोहन मीणा पच्चीपुरा ने बताया कि 19 मई को अक्षय तृतीया पर सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। जो 16 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन था।



इसके बाद अब पीपल पूर्णिमा पर 1 मई को ढोटी आसीदा के मध्य ही फिर से मीणा समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन भव्यता के साथ आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है, जो हमारी समिति के बैनर तले 17 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन होगा।

बैठक में तय किया गया है कि इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल होने वाले जोडो से 18 हजार रूपए की राशि ली जाएगी। जिसकी आधी राशि 9 हजार रूपए वर पक्ष और आधी राशि 9 हजार रूपए वधु पक्ष से ली जाएगी। 1 मई को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां शुरू कर दी गई है।

---

दोनों से पूछताछ कर रही पुलिस, हो सकता है चौंकाने वाला खुलासा

# ढाई साल की मासूम को फैंकने के मामले में पति पत्नी को भोपाल से पकड़कर श्योपुर लाई पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर सवाईमाधोपुर नेशनल हाइवे पर सोंईकलां के पास ढाई साल की मासूम बच्ची को लावारिस छोडकर चले जाने के मामले में पुलिस ने भोपाल से दो लोगो को अरेस्ट किया है। जिन्हें पुलिस भोपाल से श्योपुर ले आई है। जिनके नाम आकाश और कृतिका बताए गए हैं,ये दोनों आपस में पति पत्नी हैं।

श्योपुर पुलिस भोपाल में इन दोनों के घर तक भोपाल में ही रहने वाली उसकी केयर टेकर बबीता नाविक के जरिए पहुंची है। बताया जा रहा है कि बबीता ही पुलिस को इनके घर तक लेकर पहुंची,जहां उसके द्वारा पुलिस को बताया गया है कि आकाश और कृतिका ने खुद ही इस बच्ची को गोद लिया था। वो करीब तीन महीने की उम्र में बच्ची को अपने साथ लाए थे। दो साल तक बच्ची उनके पास रही, लेकिन इस दौरान उसके साथ मारपीट



और दुर्व्यवहार किया जाता था। बबीता ने बताया कि उन्हें बच्ची पर दया आती थी, उसे बचाने के लिए कई बार दंपती से मिन्नतें करती थीं। बच्ची उनसे काफी जुड़ गई थी और उनसे अलग होने पर डरती थी।

### जांच चल रही

भोपाल गई टीम लौट आई है। दो लोगो को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जांच की कार्रवाई पूरी होने के बाद ही इस संबंध में कुछ बताना संभव हो पाएगा।

**सुधीर कुमार अग्रवाल**
**एसपी,श्योपुर**

बताया जा रहा है कि श्योपुर पुलिस को इस मामले में चौकाने वाला खेल उजागर होने का अंदेशा लग रहा है। इसलिए पुलिस ने भोपाल से दोनो पति पत्नी को श्योपुर लाने के बाद उन्हें कोर्ट में पेश करके तीन दिन की पुलिस रिमांड पर ले लिया है। ताकि पूरे मामले का खुलासा किया जा सके। पुलिस की जांच के दौरान यह बात भी सामने आई कि पुलिस की गिरफ्त में आया आकाश ही इस मासूम बालिका को अल सुबह सोंईकलां के पास गाड़ी से उतारकर चला गया।

---

# नागदा में सेक्टर बैठक आयोजित पक्षियों के लिए लगाए सकोरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में जनअभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम नागदा में सेक्टर बैठक का आयोजन कर जल संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इसके साथ ही जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे दाना पानी अभियान के तहत पक्षियों को पानी के लिए सकोरे भी लगाए गए। नवांकुर संस्था मातृ छाया संस्थान के तत्वाधान में आयोजित उक्त बैठक के दौरान जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक धर्मेंद्र सिसोदिया द्वारा जल संरक्षण के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई तथा जल के महत्व के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराते हुए जल संरक्षण कार्यों के लिए प्रेरित किया गया। जिला समन्वयक नेहा सिंह द्वारा इस अवसर पर नदियों, बावड़ियों, तालाबों आदि जलस्त्रोतों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया तथा ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई। बैठक के उपरांत पक्षियों के लिए दाना पानी हेतु सकोरे लगाए गए। इस अवसर पर नवांकुर संस्था मातृछाया संस्थान के सचिव भास्कराचार्य टकसाली, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष रुकमाल मीणा, राजू, राजेश मीणा,पवन सुमन आदि ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

---

# एडीएम ने किया अस्पताल का निरीक्षण, साफ-सफाई की व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में शुक्रवार को अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने सुबह 10:30 बजे जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. आरबी गोयल, डॉ. प्रदीप शर्मा आदि उपस्थित रहे।

अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा जिला चिकित्सालय में निरीक्षण के दौरान जनरल ओपीडी का अवलोकन किया गया। इस दौरान चिकित्सक ओपीडी में उपस्थित पाए गए। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि, ओपीडी के लिए पर्चा बनाने वाले स्थान पर प्रकाश की उचित व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर उन्होंने पूरे



अस्पताल परिसर का भ्रमण करते हुए साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान गलियारों में विभिन्न स्थानों पर पाई गई गंदगी को साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि, अस्पताल में आने वाले रोगियों के परिजनों को भी साफ-सफाई के लिए प्रेरित किया जाए। इस दौरान उन्होंने जनरल वार्ड, आईसीयू, पीडियाट्रिक आईसीयू, एसएनसीयू, मेटरनिटी वार्ड, बर्न यूनिट, सेंट्रल मेडिकल लैब, औषधी भंडार, पीएम जन औषधी केन्द्र आदि का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही उन्होंने रोगियों को अस्पताल से दी जाने वाली दवाईयों की व्यवस्था का अवलोकन भी किया।

---

निरंकारी मंडल ने माकडोद में लगाया रक्तदान शिविर, जुटा 35 यूनिट रक्त

# करुणा प्रेम और सह-अस्तित्व का सजीव उत्सव है मानव एकता दिवसः जितेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जब हृदय में करुणा, प्रेम और एकत्व की दिव्य चेतना जागृत होती है, तब मानव अपने सीमित स्वार्थों से ऊपर उठकर सम्पूर्ण सृष्टि के कल्याण का सशक्त माध्यम बन जाता है। परोपकार, करुणा और परमार्थ जैसे अलौकिक मूल्यों से प्रकाशमान यह पावन अवसर उस दिव्य अनुभूति का प्रतीक बना, जहाँ "मानव को मानव हो प्यारा, एक-दूजे का बने सहारा" का संदेश केवल शब्दों तक सीमित न रहकर हृदयों में जीवंत हुआ। यह बात निरंकारी मिशन के प्रचारक जितेन्द्र कुमार ने मानव एकता दिवस के उपलक्ष्य में माकडौद स्थित निरंकारी सत्संग भवन में आयोजित सत्संग कार्यक्रम में प्रवचन के दौरान कही। मानव एकता दिवस पर यहां रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया। जिसमें 35 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।

प्रचारक जितेन्द्र कुमार ने प्रवचन के दौरान कहा कि युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी ने सत्य, सरलता और सद्भावना का मार्ग दिखाते हुए युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने और ऊर्जा को समाजसेवा में लगाने की प्रेरणा दी। बाबा हरदेव सिंह जी ने "रक्त नाड़ियों में बहे, नालियों में नहीं" का संदेश देकर सेवा को जीवन का अनिवार्य अंग बनाया, जिसे सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज निरंतर आगे बढ़ा रही हैं।



### चार दशकों से निरंतर चल रही रक्तदान की परंपरा

निरंकारी मंडल के जोनल प्रभारी राधेश्याम सिंह ने बताया कि निरंकारी मंडल की ओर से रक्तदान करने की पावन परपंरा पिछले चार दशको से श्योपुर जिले ही नही अपितु पूरे देश में निरंतर चलती आ रही है। इस परंपरा के तहत अब तक 9,174 रक्तदान शिविरों के माध्यम से लगभग 15,00,230 यूनिट रक्त संकलित किया जा चुका है, जो मानव सेवा के प्रति निरंकारी मिशन की अटूट प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है। उन्होने बताया कि युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी की स्मृति में यह दिवस वर्षभर चलने वाली सेवा-सरिता का शुभारंभ है, जिसके अंतर्गत देशभर में लगभग 705 स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे।



### 9 लोगों का रक्त अस्वीकार, 35 ने किया रक्तदान

जिला मीडिया प्रभारी हीरा नायक ने बताया कि मानव एकता दिवस के उपलक्ष्य में माकडोद के सत्संग भवन में आयोजित यह कार्यक्रम राधेश्याम सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। यहां आयोजित रक्तदान शिविर के दौरान निरंकारी मंडल से जुडे लोगो में रक्तदान करने के प्रति एक अलग ही उत्साह का नजारा दिखाई दिया। रक्तदान करने के लिए जिन 44 लोगो के द्वारा पंजीयन कराए गए,उनमें 30 पुरुष 14 महिलाएं शामिल रही। जांच के दौरान चिकित्सीय टीम ने 9 लोगों का रक्त अस्वीकार कर दिया। जिसके बाद 35 लोगो के द्वारा उत्साह के साथ अपने रक्त का दान किया। एकत्रित रक्त को जिला अस्पताल श्योपुर के ब्लड बैंक पहुंचा दिया है। आयोजन के दौरान स्वच्छता, सतर्कता एवं सेवा-भाव का विशेष ध्यान रखा गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन कश्मीर सिंह मुखी ने किया।

---

# श्योपुर जिले में ई-अटेंडेंस की कार्रवाई धीमी डीईओ ने 16 प्राचार्यों को दिए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर जिले में एज्युकेशन पोर्टल पर ई अटेंडेस दर्ज करने, अर्जित अवकाश की एंट्री,संतान पालन एंट्री, चिकित्सा अवकाश एंट्री,लोकसेवको की ई सेवा पुस्तिका वेरिफिकेशन आदि कार्यो की कार्रवाई संतोषजनक नहीं है। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी यश जैन ने नाराजगी व्यक्त करते हुए 16 स्कूलो के प्राचार्यो को नोटिस जारी कर दिए है।

बताया गया है कि डीईओ के द्वारा जिन 16 स्कूलो के प्राचार्यो को नोटिस दिया गया है,उनमें उत्कृष्ट स्कूल विजयपुर सहित प्रेमसर, बडौदा, ढोढर, पांडोला, मकडावदा, दांतरदा, मानपुर, ओछापुरा, सहसराम, कन्या विजयपुर, वीरपुर,टर्राकलां, गोहटा,श्यामपुर, अगरा स्कूल प्राचार्य शामिल है। डीईओ ने नोटिसों का जबाव दो दिन के भीतर मांगा है और तय सीमा में जबाव नहीं देने पर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई है।

---

# शांति धामों पर सभी बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंः आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में जिले के ग्रामों में स्थित शांति धाम पर सभी बुनियादी सुविधाएं विकसित किए जाने के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद ने कहा कि, मुक्तिधाम निर्माण के 57 कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिन्हें शुरू कर शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि, सभी मुक्तिधाम पर पानी, छाया, बैठक, एप्रोच रोड आदि की व्यवस्थाओं सुनिश्चित की जाए। जिन मुक्तिधामों में चबूतरा एवं टीनशेड नहीं हैं या फिर जीर्णशीर्ण हो गए हैं, वहां पर नवीन चबूतरों का निर्माण कराया जाए और टीनशेड लगाया जाए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, कराहल बीएस श्रीवास्तव, सीईओ जनपद कराहल राकेश शर्मा, सभी तहसीलदार एवं आरईएस, पीएचई, बिजली आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।




सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद द्वारा बैठक के दौरान जिले में शांतिधाम व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि, हाल ही में 57 ग्रामों में नवीन मुक्तिधाम निर्माण के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। तत्काल इनका कार्य शुरू कराया जाए। उन्होंने कहा कि, 504 ग्रामों पूर्व से मुक्तिधाम बने हुए हैं। जिन पर सभी सुविधाएं अनिवार्य रूप से विकसित की जाए। जिपं सीईओ सौम्या आनंद ने कहा कि, मुक्तिधाम परिसर में साफ-सफाई का कार्य नियमित रूप से कराया जाए तथा पौधरोपण के कार्य किए जाए।

**खबर संक्षेप**

### जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मनोज कोरी निवासी ग्राम बगुल्या ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जितेन्द्र अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजपुर निवासी शैतान सिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जितेन्द और अमित अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बाजना निवासी गंगाराम आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अमरसिंह आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### 16 वर्षीय किशोर ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम बामौर हुर्रा निवासी परमाल पुत्र करण आदिवासी उम्र 16 साल ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर के कमरे में रस्सी से फांसी का फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम कुम्हरिया निवासी रणवीर पुत्र सुरतिया जाटव उम्र 27 साल ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था जिसके बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### राज्य सेवा व राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 26 को होगी

**अशोकनगर।** आयोग द्वारा राज्य सेवा व राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 26 अप्रैल को ओएमआर पद्धति से प्रातः 10 से 12 एवं दोपहर 02.15 से 04.15 बजे तक, दो सत्रों में प्रदेश के समस्त 54 संभाग, जिला मुख्यालयों के 365 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है। उक्त परीक्षा निर्विघ्न, सुव्यवस्थित एवं शुचिता पूर्ण सम्पन्न हो, इस हेतु आपके संभाग एवं जिला मुख्यालयों पर उक्त परीक्षा हेतु नवीन प्रकिया के संबंध में निर्देश जारी किये गये है। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश के दौरान त्रिस्तरीय नवीन जाँच प्रक्रिया (बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, प्रवेश पत्र की स्केनिंग, एचएचएमडी के माध्यम से तलाशी) प्रारंभ की गई है। इसके अंतर्गत परीक्षार्थियों को निम्न प्रक्रिया का पालन करना है।परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों को अनिवार्यतः 90 मिनट पूर्व पहुँचना होगा।परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों की त्रिस्तरीय जाँच की जाएगी। परीक्षा केन्द्र के प्रवेश द्वार के समीप अनुमत एवं वर्जित वस्तुओं की जानकारी चस्पा होगी. जिसका पूर्णतः पालन किया जाना होगा। अनुमत एवं वर्जित वस्तुओं की सूची संलग्न है। जिलों के जनसंपर्क कार्यालय चाहे तो उनका भी प्रकाशन कर सकते है। सत्रों में जाँच की जाएगी, जिसमें पुरूष परीक्षार्थियों की जाँच पुरूष महिला की जाँच महिला करेगी।

## जिला अस्पताल के बोर फेल, टैंकरों से पानी मंगाना पड़ रहा है

# जिला अस्पताल में 350 मरीज भर्ती क्षमता 200 की, समस्याओं से जूझ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर






जिले का सबसे बड़ा अस्पताल शासकीय जिला चिकित्सालय में मरीज जिन उम्मीदों के साथ उपचार कराने के लिए आता है, मरीजों को उन उम्मीदों के अनुसार सुविधा नहीं मिल पा रही है, भटकते हुए मरीज कभी डॉक्टरों को तलाश रहे हैं तो कभी दवाओं के लिए परेशान हो रहे हैं। अस्पताल की क्षमता 200 मरीजों की है और 350 मरीज भर्ती रहकर उपचार करा रहे हैं। बजट 200 मरीजों के अनुसार आता है, इसके बावजूद भी अस्पताल प्रबंधन मरीजों को दवाएं भी उपलब्ध करा रहा है खाना के प्रबंध भी कर रहा है।

अशोकनगर जिला अस्पताल की तस्वीर बदलने का नाम नहीं ले रही है, यहां कितने ही सिविल सर्जन बदले, कितने ही कलेक्टर आकर चले गए, लेकिन अस्पताल जस का तस है। इस जिला अस्पताल ने वक्त के कईं थपेड़े देखे हैं, सिंधिया स्टेट के समय 1929 में डिस्पेंसरी से अस्पताल की शुरूआत हुई। पछार गांव से अशोकनगर बना, और तहसील से जिला बनने के बाद यह अस्पताल आज भी उसी स्थान पर है, यहां वर्तमान में 22 विशेषज्ञ डॉक्टर होना चाहिए, लेकिन 8 विशेषज्ञ डॉक्टर हैं, 24 एमबीबीएस डॉक्टर होना चाहिए, लेकिन 5 हैं, मरीज कितने भी आ जाएं अगर डॉक्टर नहीं है तो इलाज कैसे होगा, या तो मरीज अन्य अस्पताल में जाने के लिए मजबूर होगा या फिर जो सुविधा है उसी का लाभ लेने पर मजबूर होगा।

### जिला अस्पताल के बोर फेल, आसपास के घरों के सभी बोर चालू ऐसा क्यों



जिला अस्पताल अशोकनगर इन दिनों मौसमी बीमारियों के चलते 1500 मरीज पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल के आरएमओ डॉक्टर बीएल टैगोर ने बताया कि अस्पताल में पानी की समस्या है, 3 बोर हैं 2 बोर बंद पड़े हैं एक बोर में कुछ पानी आ रहा है, इस कारण प्रतिदिन दो टेंकर पानी अस्पताल में मंगाया जा रहा है। जबकि जिला अस्पताल शहर के बीचों बीच है अस्पताल के चारों ओर घनी वस्ती है, वहां जितने भी घरों में बोर हैं सब काम कर रहे हैं लेकिन अस्पताल में बोर की समस्या बनी रहती है क्या कारण है कि बोर सक्सेस नहीं हो पाता है। जिला अस्पताल को हर माह पानी पर बड़ी राशि खर्च करना पड़ रही है। जिन मरीजों को सुनाई नहीं पड़ता है उनके लिए ऑडियों मेट्रो मशीन नहीं है जिसके कारण उन्हें जिला दिव्यांग केन्द्र भेजना पड़ता है। इस तरह की अनेक समस्याएं जिला अस्पताल में बनी हुई हैं।

### अस्पताल में नए गद्दे भी आए और कूलर भी मंगाए गए, चादर न होने पर स्टाफ की क्लास ली

जिला अस्पताल अशोकनगर में जब वार्डों का जायजा लिया गया तो वार्डों में पलंगों पर मरीज तो भर्ती मिले लेकिन कुछ गैलरी में पडे थे कईं गददों पर चादर नहीं थी। सिविल सर्जन डॉक्टर भूपेन्द्र शेखावत को शिकायत की गई, उन्होंने सर्जिकल वार्ड के स्टाफ को बुलाया भी कि गददों पर चादर क्यों नही हैं, उन्होंने जबाव तलव किया है। इस संबंध में उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में 75 नए गददे साधारण वार्डों के लिए और 22 गददे आईसीयू वार्ड के लिए आए हैं, 5 नई व्हील चेयर, 10 कूलर, क्रिस कार्ड मशीन और 5 इंजेक्शन ट्राली आ चुकी हैं। व्हील चेयर की अब संख्या 10 हो गई है, सभी वार्डों में पर्दे लगवाए जा रहे हैं। इसके अलावा फायर सेफ्टी के लिए लाईन बिछाई गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में इस वर्ष रक्त यूनिट का लक्ष्य 5000 रखा गया है, गत वर्ष यह लक्ष्य 3800 यूनिट पर पहुंच गया था, इससे पहले 1800 यूनिट तक रहता आया है। उन्होंने कहा कि अगर 5000 यूनिट का लक्ष्य पूरा हो जाता है तो मरीजों को प्लाजमा की सुविधा मिल सकेगी। इसके अलावा एक नई सोनोग्राफी मशीन जो आधुनिक तकनीक से है और वर्तमान में शाजापुर में रखी हुई थी जो अशोकनगर जिला अस्पताल को प्राप्त हो गई है, इससे अब मरीजों को और सुविधा मिलेगी।

#### इनका कहना है

जिला अस्पताल में 350 मरीज भर्ती रहते हैं और 1500 तक ओपीडी पहुंचती है, जिसके लिए एक नया 350 बिस्तर के अस्पताल का निर्माण जारी है। इस भवन का निर्माण अगले वर्ष तक पूरा होने की संभावना है, इस भवन के पूरा होने के बाद मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। स्टोर रूम के भवन के पीछे भी 17 लाख की लागत से नया निर्माण किया जा रहा है। जिला अस्पताल में अगर गद्दों पर चादर नहीं बिछाए जा रहे है तो मौजूदा स्टाफ पर कार्यवाही की जाएगी।

**डॉ. भूपेन्द्र सिंह** शेखावत, सिविल सर्जन जिला अस्पताल अशोकनगर

## ग्राम पंचायत मोहनपुर में रात्रि चौपाल लगी, जन संवाद किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में बुधवार की रात्रि में जनपद पंचायत चंदेरी की ग्राम पंचायत मोहनपुर में रात्रि चैपाल एवं जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही रात्रि चैपाल में प्रशासन और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित किया गया।साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर हर संभव निराकरण किये जाने हेतु आश्वस्त किया गया।

रात्रि चौपाल में कलेक्टर मालवीय ने कहा कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत है। उन्होंने ग्राम पंचायत मोहनपुर में रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों से रूबरू होकर सीधा संवाद किया उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे यह सुनिश्चित किया जाए। चैपाल के दौरान ग्रामीणों से चर्चा कर योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का मूल्यांकन किया गया।

#### जल गंगा संवर्धन अभियान में हो सहभागिता

रात्रि चैपाल में जल गंगा संवर्धन अभियान की अवधारणा के संबंध में कलेक्टर ने बताया कि जन सह भागिता से जल संरक्षण और संवर्धन पर आधारित जल संग्रहण संरचओं तालाबो,नदियों और कुओं का जीर्णोद्धार और जल स्त्रोतों की साफ-सफाई करना है। ग्रामीण जन इस अभियान जुड़कर जल सहजने के कार्य में अपनी सहभागिता करें। सम्पर्ण अभियान को इस तरह से नियोजित किया जाए। जिससे यह अभियान समाज और शासन की सहभागिता से जल संरक्षण व संवर्धन का जन आंदोलन बन सके। 'जल ही जीवन है', इस धारणा से जल को संरक्षित करने हेतु जल संरचनाओं को सुरक्षित साफ और स्वच्छ करने में ग्रामीण जन अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत मोहनपुर में रात्रि चैपाल एवं पंचायत भवन में रात्रि विश्राम के पश्चात गुरूवार को सुबह कलेक्टर श्री साकेत मालवीय सहित अधिकारियों एवं ग्रामीणजनों द्वारा तालाब में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सामूहिक श्रमदान किया गया। श्रमदान के दौरान तालाब के गाद की खुदाई की गई।

#### स्कूल तथा आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण

कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा गुरूवार की सुबह शासकीय हाई स्कूल तथा आंगनबाड़ी केन्द्र मोहनपुर का निरीक्षण किया गया। शासकीय हाई स्कूल मोहनपुर के निरीक्षण के दौरान उपस्थित शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं से शैक्षणिक गतिविधियों के वारे में चर्चा कर जानकारी ली गई। केन्द्र के संचालन,बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचयात आलोक इटोरिया मौजूद रहे।

## जल संरक्षण एक सामूहिक जिम्मेदारी जिसमें जनभागीदारी को बढ़ाएं: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल गंगा संवर्धन अभियान,गेहूं उपार्जन तथा ज्ञान भारतम मिशन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठके हर रोज होती हैं न बैठकों में कोई शक्ति दिखाई दे रही है न फील्ड में कोई प्रशासन का शख्त रवैया नजर आ रहा है। यह जिले की तस्वीर है,जहां प्रशासनिक गतिविधियां सामान्य चल रही हैं।

ऐसी ही एक बैठक कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की प्रगति, जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन, तथा वर्षा जल संचयन से जुड़े प्रयासों की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि अभियान के तहत सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से तालाबों, कुओं और अन्य जल स्त्रोतों के गहरीकरण एवं साफ-सफाई पर जोर दिया। साथ ही वर्षा जल के अधिकतम संचयन हेतु प्रभावी योजना बनाकर उसे धरातल पर लागू करने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की। कलेक्टर ने कहा कि जल संरक्षण एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें जनभागीदारी को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है।

#### गेहूं उपार्जन की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की प्रगति, किसानों को भुगतान की स्थिति तथा उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी उपार्जन केंद्रों पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने समय पर तौल, बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता एवं परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही किसानों को भुगतान समय सीमा में किए जाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में अधिकारियों को उपार्जन केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने तथा किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में कलेक्टर द्वारा भारत सरकार के "ज्ञान भारतम्‌ मिशन" के तहत जिले में पाण्डुलिपियों के सर्वेक्षण एवं डिजिटलीकरण कार्य के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पाण्डुलिपियों की जानकारी मोबाइल एप पर अपलोड कराई जाना है। इस कार्य हेतु शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक संगठनों एवं पाण्डुलिपि धारकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। बैठक में कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा अभ्युदय मानव सेवा समिति ईसागढ़ के तत्वाधान में जिला अधिकारियों को पशु पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था कराये जाने सकोरो का वितरण कराया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश जैन, अपर कलेक्टर डीएन सिंह,संयुक्त कलेक्टर आर बी सिंडोस्कार, एसडीएम अशोकनगर शुभ्रता त्रिपाठी मौजूद रहे।



### कार की टक्कर से युवक की मौत

अशोकनगर। जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ईसागढ-खतौरा रोड़ पर एक तेज गति से आ रही कार ने सड़क किनारे खड़े एक युवक को टक्कर मार दी, घटना के बाद कार चालक वाहन को भगाकर ले गया। कुछ दूरी पर पेट्रोल पंप के समीप वाहन को खड़ा कर जब वह नंबर प्लेट बदलने का प्रयास कर रहा था तब परिवार के लोगों ने उसका पीछा कर उसे पकड लिया। इस घटना में कार की टक्कर से युवक की मौत हो गई है। पारसौल निवासी जिस युवक को कार ने टक्कर मारी थी वह युवक सड़क किनारे लगे एक पेड़ से दातुन तोड़ रहा था, तभी खतौरा की ओर से आ रही एक कार ने उसे टक्कर मार दी। इस घटना में कार चालक वाहन लेकर भाग गया,इस घटना के बाद घायल युवक को खून से लतपथ अवस्था में परिवार जन उपचार के लिए ईसागढ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिवार जनों में गुस्सा होने के बाद वह कार चालक का पीछा करने पहुंचे और उसे पेट्रोल पंप के पास पकड़ लिया जहां वह नंबर प्लेट बदलने का प्रयास कर रहा था।

## 4 महीने, 10 शिकायतें फिर भी नहीं लौटे तकनीकी गलती से कटे 4 हजार

### कंपनी की मनमानी से उपभोक्ता परेशान, बिजली बंद हुई तो एटीएम में फंसी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

एसबीआई के एक उपभोक्ता ने एक निजी कंपनी के एटीएम से 4 महीने पहले 4 हजार रुपए निकालने के लिए कार्ड मशीन में लगाया था, जैसे ही राषि आहरण पर क्लिक किया तो एटीएम की बिजली बंद हो गई। ऐसे में उपभोक्ता के बैंक खाते तो राषि कट गई लेकिन एटीएम ने नोट बाहर नहीं निकाले। इसके बाद से अब तक उपभोक्ता द्वारा दस बार सीएम हेल्पलाईन सहित अन्य माध्यमों से राषि वापिस पाने के लिए षिकायत की, 40 बार एसबीआई की मुंगावली षाखा के चक्कर काटे लेकिन अब तक उसकी 4 हजार रुपए की राषि वापिस नहीं हुई है।

दरअसल, नीलेष अहिरवार ग्राम पंचायत अमोंदा में सचिव हैं। उन्होंने बताया कि 6 दिसंबर 2025 को दोपहर के 2 बजकर 30 मिनट पर उन्होंने बहादुरपुर में स्थित इंडिया वन कंपनी के एटीएम से 4 हजार रुपए निकालने के लिए कार्ड लगाया था। जैसे ही मषीन ने नोट गिनने षुरु किए, वैसे ही बिजली बंद हो गई और नोट मषीन में फंसे रह गए, उपभोक्ता के बैंक खाता से राशि कटने का मैसेज मोबाइल पर आ गया। उपभोक्ता ने कुछ ही देर में बैंक के हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत क्रमांक दर्ज करा दी। इसके बाद जब कई दिनों तक समाधान नहीं हुआ तो उसने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कर दी। यह शिकायत कुछ ही दिनों में बिना निराकरण के अपने आप बंद हो गई। इसके बाद उपभोक्ता बैंक भी गया और लिखित में शिकायत दर्ज कराई। फिर भी निराकरण नहीं हुआ। इस दौरान उपभोक्ता बैंक शाखा मुंगावली के 40 से अधिक चक्कर लगा चुका है। फिर भी उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है।




#### जगह-जगह लगे हैं निजी एटीएम जिम्मेदारी तय नहीं

बताया गया है कि जगह-जगह निजी कंपनियों ने कमीषन बेस पर ऐसे एटीएम लगा दिए हैं, जिनसे अधिकतम निकासी की सीमा 4 से 10 हजार रुपए है। इन एटीएम को लगाने के लिए फ्रैंचाईजी पर दिया जाता है। इनकी न तो कोई सुरक्षा व्यवस्था होती है और न ही कोई व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेने तैयार होता। इसी तरह के एटीएम में पंचायत सचिव की राषि फंसी हुई है। इस संबंध में जब मुंगावली एसबीआई षाखा के प्रबंधक राजकिषोर अहिरवार से उनके मोबाईल नंबर पर संपर्क कर उनका पक्ष जानना चाहा तो वह उपलब्ध नहीं हो सके।

#### इनका कहना है

शिकायत के बाद हमने एटीएम डिपार्टमेंट से जानकारी मंगाई थी जिसमें सामने आया है कि उक्त उपभोक्ता द्वारा जो ट्रांजेक्षन किया गया है, वह सफल हुआ है हमने इसकी कॉपी भी उपभोक्ता को दे दी है।

**राजकिशोर** अहिरवार,शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक मुंगावली

न हो रहा काम और न हो रही कोई कार्रवाई

## दबंग ठेकेदार नहीं कर रहा 2.25 करोड़ रुपए के स्वीकृत कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाढ़ौरा




नगर परिषद शाढ़ौरा में निर्माण कार्य न होने की वजह से सारा दोष अध्यक्ष पर लग रहा हैं, लेकिन अंदर कुछ और ही मामला निकला। नगर के मेन बाजार सहित प्रमुख मार्गो पर तीन पुलियों का निर्माण कार्य होना है, जो 1.75 करोड़ की लागत से एवं टेकरी की सीढ़ी जो 50 लाख की लागत से तैयार की जानी है। जिनकी टेंडर प्रक्रिया सहित वर्क ऑर्डर भी हो चुके हैं दो वर्ष होने को है। लेकिन ठेकेदार को नेताओं का संरक्षण प्राप्त है, पूरे पैसे बिना काम के ही निकालना चाह रहा है, या कोई और मनसा है, सरकार के पैसों का दुरुपयोग किया जा रहा है।

अधिकारी ठेकेदार के दबाव में काम कर रहे है। अध्यक्ष एस सी कोटा से होने की वजह से उन्हें कोई भी सहयोग नहीं मिल रहा है, बल्कि नगर परिषद अध्यक्ष का कहना है, कि यही रसूखदार ठेकेदार और उनके लोग उन्हें हटाने की धमकी भी देते हैं। बस कुछ दिन रुक, और बताया जाता है कि ठेकेदार महीने में दो तीन बार भोपाल और दिल्ली तो जाता ही है। इससे लगता है ठेकेदार की पहुंच तो बड़ी है। एक गरीब आदमी की क्या दयनीय स्थिति कर दी दबंग लोगों ने, काम न किया जा रहा और न करने दिया जा रहा। ठेकेदार के रसूख से प्रशासन भी मौन है। या डर है या कोई सेटलमेंट क्या है, आखिर क्या है, माजरा।

#### इनका कहना है


मैं गरीब के साथ साथ नीची जाति का व्यक्ति हूं, शायद मेरी इसलिये कोई नहीं सुनता। टेकरी की सीढ़ी पर पत्थर लगाने की बात कहने पर इन ठेकेदार द्वारा मुझसे अभद्रता की गई, मेरे ऊपर केस लगाने की धमकी भी दी जा चुकी है। मैंने कहीं किसी का बुरा नहीं किया। मेरे बालाजी पर मुझे भरोसा है, में गलत नहीं हूं। मुझे सताया जा रहा हैं। पुराने कलेक्टर ने सीढ़ी का काम चालू करवाया था। अब फिर बंद है।

**अशोक माहौर** अध्यक्ष नगर परिषद शाढ़ौरा

### गुरुदेव के आशीर्वाद से अथाईखेड़ा ग्राम में बनेगा भव्य जिनालय

# णमोदय तीर्थ से मुंगावली को मिलेगी नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली





कष्ट दुःख असाता को भी समता भाव पूर्वक सहन करने से साता वेदनी कर्म का ही वंद होता है ऐसा नहीं है कि आप दुख दारूणय कष्टों को समता भाव पूर्वक सहते जा रहे हैं फिर भी कष्ट ही आये समता से आगे चलकर साता का ही उदय आयेगा। दुःख का यदि हम दुःख ना माने तो सुख जरूर आयेगा ये प्रकृति का नियम है यदि कष्ट दुःख आने पर अपना आपा खो दे तो दुःख ही बढ़ेगा सुख नहीं मिल सकता सुख पाने के लिए तो दुःख को भी हंसी हंसी में झेलना ही होगा फिर देखो सुख आपके पीछे पीछे दौड़ा आयेगा अव आपके नगर को एक नई पहचान मिलने जा रही है अव लोग णमोदय तीर्थ के करने आयेंगे इससे मुंगावली को एक नई पहचान मिलेगी उक्त आश्य केउद्गार सुधा सागर सभागार में जिज्ञासा समाधान करते हुए राष्ट्रसंत मुनि पुगंव सुधासागर महाराज ने व्यक्त किए ।

इसके पहले जैन समाज अशोक नगर अध्यक्ष राकेश कासंल के साथ अथाईखेड़ा जैन समाज ने परम पूज्य राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज से अथाईखेड़ा ग्राम में नवीन भव्य जिनालय के निर्माण का निवेदन किया निर्मल जैन ने कहा कि हम वर्षो से आपके आगमन का इंतजार कर रहे हैं जिससे मन्दिर का निर्माण हो जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि अथाईखेड़ा वाले आज अशोक नगर की पूरी कमेटी को साथ लाये है ये किशनगढ़ विजोलिया आवा हर जगह गये यहां खनियाधाना गोला कोट के बाद आस जगी कि आपके चरण इस ओर बढ़ सकते हैं और आज अथाईखेड़ा की उम्मीद जगी है आपका मार्ग दर्शन और आशीर्वाद चाहिए। इस दौरान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई सहित पूरी कमेटी ने अथाईखेड़ा मन्दिर निर्माण में सहयोग का निवेदन किया।

#### भूदान के साथ मंदिर निर्माण का लिया संकल्प

राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में नगर के श्रावक श्रेष्ठी निर्मल कुमार अथाईखेडा एवं उनकी जीवन संगनी ने दो बीघा ज़मीन के साथ मन्दिर निर्माण के साथ प्रभु की विशाल प्रतिमा स्थापित करने की भावना रखी तो जैन समाज के पूर्व महामंत्री गिरीश अथाईखेडा ने कहा कि हम सब मिलकर एक भव्य जिनालय को आकार देने के लिए कृतसंकल्प वद हो रहे हैं आपके चरण चालीस वर्ष पूर्व पड़े अव अथाईखेड़ा पधारे पर मन्दिर निर्माण का संकल्प पूरा करायें।